Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 46

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

16 रबीउल अव्वल 1441 हिजरी कमरी 14 नबुव्वत 1398 हिजरी शमसी 14 नवम्बर 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

मैं हमेशा इसी ख़्याल और फ़िक्र में रहता हूँ कि मेरे दोस्त हर किस्म के आराम और सुविधा से रहें। यह हमदर्दी और यह ग़म खाना किसी दिखावे और बनावट के कारण से नहीं बल्कि जिस तरह माता अपने बच्चों में से हर एक के आराम तथा सुविधा के फ़िक्र में डूबी रहती है चाहे वे कितने ही क्यों ना हूँ। इसी तरह मैं अल्लाह के लिए दिल सोज़ी और ग़मख़्वारी अपने दिल में अपने दोस्तों के लिए पाता हूँ

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

दोस्तों के लिए हमदर्दी और ग़मख़्वारी

हज़ूर अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया:

असल बात यह है कि हमारे दोस्तों का सम्बन्ध हमारे साथ अंग की तरह से है और यह बात हमारे दैनिक के तजुर्बा में आती है कि एक छोटे से छोटे अंग जैसे उंगली ही में दर्द हो तो सारा बदन बेचैन और बेक़रार हो जाता है। अल्लाह तआला ख़ूब जानता है कि ठीक इसी तरह हर वक़त और हर समय मैं हमेशा इसी ख़्याल और फ़िक्र में रहता हूँ कि मेरे दोस्त हर किस्म के आराम और सुविधा से रहें। यह हमदर्दी और यह ग़म खाना किसी दिखावे और बनावट के कारण से नहीं बल्कि जिस तरह माता अपने बच्चों में से हर एक के आराम तथा सुविधा के फ़िक्र में डूबी रहती है चाहे वे कितने ही क्यों ना हूँ। इसी तरह मैं अल्लाह के लिए दिल सोज़ी और ग़मख़्वारी अपने दिल में अपने दोस्तों के लिए पाता हूँ और यह हमदर्दी कुछ ऐसी व्याकुलता की हालत पर है कि जब हमारे दोस्तों में से किसी का ख़त किसी किस्म की तकलीफ़ या बीमारी के हालात पर आधारित पहुंचता है तो तबीयत में एक व्याकुलता और घबराहट पैदा हो जाती है और एक ग़म शामिल हो जाता है और जूँ-जूँ लोगों की अधिकता होती जाती है उतना ही क़दर यह ग़म बढ़ता जाता है और कोई वक़्त ऐसा ख़ाली नहीं रहता जबकि किसी किस्म का फ़िक्र और ग़म शामिल ना हो। क्योंकि इतने अधिक लोगों में से कोई ना कोई किसी ना किसी ग़म और तकलीफ़ में पीड़त हो जाता है और इस की सूचना पर इधर दिल में वेदना और बेचैनी पैदा हो जाती है। मैं नहीं बतला सकता कि कितना समय ग़मों में गुज़रता है। चूँकि अल्लाह तआला के सिवा और कोई हस्ती ऐसी नहीं जो ऐसे दुखों और फिक्रों से नजात दे। इसलिए मैं हमेशा दुआओं में लगा रहता हूँ और सबसे प्रथम दुआ यही होती है कि मेरे दोस्तों को दुखों और ग़मो से सुरक्षित रखे , क्योंकि मुझे तो उनके ही फिक्र और दुख ग़म में डालते हैं। और फिर यह दुआ सामूहिक रूप से की जाती है कि अगर किसी को कोई दुख और तकलीफ़ पहुंचा है तो अल्लाह तआला इस से इस को नजात दे। सारी सरगर्मी और पूरा जोश यही होता है कि अल्लाह तआला से दुआ करूँ। दुआ की क़बूलीयत में बड़ी बड़ी उम्मीदें हैं।

क़बूलीयत दुआ के उसूल

बल्कि मेरे साथ मेरे मौला करीम का साफ़ वादा है कि اُجِیۡبُ کُلَّ دُعَآئِکَ मगर में ख़ूब समझता हूँ कि कुल्ल से मुराद यह है कि जिनके ना सुनने से हानि पहुंच जाती है लेकिन अगर अल्लाह तआला तरबीयत और सुधार चाहता है तो रद्द करना ही दुआ का कूबूल होना होता है। कई बार इन्सान किसी दुआ में नाकाम रहता है और समझता है कि ख़ुदा तआला ने दुआ रद्द कर दी हालाँकि ख़ुदा तआला उस की दुआ को सुन लेता है और वह स्वीकार होना रद्द होने की अवस्था में ही होता है क्योंकि उस के लिए छुपी हुआ और हक़ीक़त में बेहतरी और भलाई उस के रद्द ही में होती है। इन्सान चूँकि अन्जाम को जानने वाला नहीं है और दूर-अँदेश नहीं बल्कि ज़ाहिर परस्त है इसलिए इस को उचित है कि जब अल्लाह तआला से कोई दुआ करे और वह बज़ाहिर उस के मुफ़ीद मतलब नतीजा पैदा करने वाला ना हो तो ख़ुदा पर बदज़न ना हो कि उसने मेरी दुआ नहीं सुनी। वह तो हर एक की दुआ सुनता है

اُدۡعُوۡنِیۡۤ اَسۡتَجِبۡ لَکُمۡ (अलमोमिन:61) फ़रमाता है। राज़ और भेद यही होता है कि दुआ करने वाले के लिए ख़ैर और भलाई रद्द दुआ ही में होती है।

दुआ का उसूल यही है। अल्लाह तआला क़बूल दुआ में हमारे अंदेशा और इच्छा के अधीन नहीं होता है। देखो बच्चे किस क़दर अपनी माताओं को प्यारे होते हैं और वे चाहती है कि उनको किसी किस्म की तकलीफ़ ना पहुंचे लेकिन अगर बच्चे बेहूदा तौर पर इसरार करें और रो कर तेज़ चाक़ू या आग का रोशन और चमकता हुआ चिंगारा मांगें तो क्या माँ बावजूद सच्ची मुहब्बत और हक़ीक़ी दिलसोज़ी के कभी गवारा करेगी कि इस का बच्चा आग का अंगारा लेकर हाथ जला ले या चाक़ू की तेज़ धार पर हाथ मार कर हाथ काट ले ? हरगिज़ नहीं। इसी उसूल से दुआ का स्वीकार होने का उसूल समझ सकते हैं। मैं ख़ुद इस बात में एक तजुर्बा रखता हूँ कि जब दुआ में कोई भाग कष्ट वाला होता है तो वह दुआ हरगिज़ क़बूल नहीं होती है। यह बात ख़ूब समझ में आ सकती है कि हमारा इलम यक़ीनी और सही नहीं होता। बहुत से काम हम निहायत ख़ुशी से मुबारक समझ कर करते हैं और अपने ख़्याल में उनका नतीजा बहुत ही मुबारक ख़्याल करते हैं मगर अन्त में वह एक ग़म और मुसीबत हो कर चिमट जाता है अत: यह कि इन्सानी इच्छाएं सब पर सही नहीं कर सकते कि सब सही हैं। चूँकि इन्सान भूल और चूक से बना है इसलिए होना चाहिए और होता है कि कुछ ख़ाहिश कष्ट वाली होती है और अगर अल्लाह तआला उस को स्वीकार कर ले तो यह बार रहमत के मन्सब की स्पष्ट ख़िलाफ़ है। यह एक सच्ची और यक़ीनी बात है कि अल्लाह तआला अपने बंदों की दुआओं को सुनता है और उनको क़बूलीयत का सम्मान प्रदान करता है मगर व्यर्थ बात को नहीं। क्योंकि जोश नफ़्स की वजह से इन्सान अंजाम और नतीजा को नहीं देखता और दुआ करता है मगर अल्लाह तआला जो हक़ीक़ी भलाई चाहने वाला और अन्जाम को देखने वाला है इन कष्टों और बुरे नतीजों को समक्ष रखकर जो इस दुआ के अधीन दुआ के स्वीकार करने की अवस्था में पहुंच सकते हैं उसे रद्द कर देता है और ये रद्द दुआ ही उस के लिए क़बूल दुआ होता है। अत: ऐसी दुआएं जिनमें इन्सान हदसों और सदमों से सुरक्षित रहता है। अल्लाह तआला क़बूल कर लेता है मगर कष्ट वाली दआओं को बसूरत रद्द क़बूल फ़र्मा लेता है। मुझे यह इलहाम बार हा हो चुका है اُجِیۡبُ کُلَّ دُعَآئِکَ। दूसरे शब्दों में यूं कहो कि हर एक ऐसी दुआ जो अपनी वास्तविकता में लाभदायत और मुफ़ीद है क़बूल की जाएगी। मैं जब इस ख़्याल को अपने दिल में पाता हूँ तो मेरी रूह आन्नद और प्रसन्नता से भर जाती है। जब मुझे ये प्रथम समय में इलहाम हुआ क़रीबन पच्चीस या तीस वर्ष का अरसा होता है ,तो मुझे बहुत ही ख़ुशी हुई कि अल्लाह तआला मेरी दुआएं जो मेरे या मेरे लोगों के बारे में होंगी ज़रूर क़बूल करेगा। फिर मैंने ख़्याल किया कि इस मामला में कंजूसी नहीं होना चाहिए क्योंकि यह एक इलाही इनाम है और अल्लाह तआला ने मुत्तक़ीन के गुणों में फ़रमाया है وَمِمَّا رَزَقۡنٰہُمۡ یُنۡفِقُوۡنَ(अल बक़र:4) अत: मैंने अपने दोस्तों के लिए यह उसूल कर रखा है कि चाहे वे याद दिलाएँ या ना याद दिलाएँ कोई बात बड़ी पेश करें या ना करें। उनकी धार्मिक और दुनयावी भलाई के लिए दुआ की जाती है।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 89 से 92)

☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (भाग-15)

अगर लोगों और दुनिया के रहनुमाओं ने अपने सृष्टा और इस की सृष्टि के हुक़ूक़ की अदायगी की ज़िम्मेदारी को ना समझा तो दुनिया में एक बहुत बड़ी तबाही आएगी।

जिस पर क़ाबू पाना किसी के लिए भी मुम्किन ना होगा, आजकल हर कोई दूसरे की कमज़ोरियों की निशानदेही करता है कि अमुक का क़सूर है या अमुक की ग़लती है लेकिन अपने गिरेबान में कोई नहीं झाँकता, इस्लामी शिक्षाओं के अनुसार अपने हुक़ूक़ की मांग करने की बजाय हमें दूसरों के हुक़ूक़ की अदायगी करनी चाहिए, यही एक ही हल है।

मस्जिद मसरूर(वर्जीनिया) के उद्घाटन के अवसर पर प्रैस कान्फ्रैंस और हुज़ूर अनवर की विश्व शान्ति के बारे में दुनिया को सुनहरी नसीहतें

हुज़ूर अनवर अमरीका के लिए एक रुहानी मर्हम हैं और अमरीका को इस वक़्त हुज़ूर अनवर की रहनुमाई और नेतृत्व की बहुत ज़रूरत है,आपकी कम्यूनिटी इस देश की तरक़्क़ी में बहुत अहम भूमिका अदा कर रही है इसलिए आपकी यहां तशरीफ़ लाने पर मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूँ, आपका तशरीफ़ लाना हमारे लिए गर्व का कारण है* (डाक्टर Katrina Lantos)

जमाअत ने गेम्बिया में जो स्कूल और हस्पताल खोले हैं इस का देश को बहुत फ़ायदा हुआ , जमाअत के स्कूल देश के बेहतरीन स्कूल हैं जमाअत अहमदिया हमारे देश में लोगों पर निहायत सकारात्मक असर छोड़ रही है, गेमबिया की हुकूमत और जमाअत अहमदिया के सम्बन्ध बहुत मज़बूत हैं उन्हीं सम्बन्ध के आधार पर में आज यहां हाज़िर हुआ हूँ*

(Hon.Dawda Federaयू.ऐस.ए में गीमबिया के ऐमबसडर)

मैं खासतौर पर हुज़ूर अनवर की सारी दुनिया में अमन के स्थापना के लिए कोशिश और जिस तरह आप उग्रवाद और अत्याचारों की मुज़म्मत कर रहे हैं इस को सराहता हूँ आपकी मज़हबी आज़ादी , इन्सानी हुक़ूक़ और जमहूरीयत के स्थापना का इरादा प्रशंसा योग्य है, आज हुज़ूर की यहां तशरीफ़ आवरी हमारे लिए गर्व योग्य है* (कांग्रेस मीन Gerry Connolly)

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

मस्जिद मसरूर वर्जीनिया का उद्घाटन

आज प्रोग्राम के अनुसार साऊथ वर्जीनिया में मस्जिद मसरूर के उद्घाटन का प्रोग्राम था। बारह बजकर पच्चीस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह से बाहर तशरीफ़ लाए और दुआ करवाई। इस के बाद साऊथ वर्जीनिया के लिए रवानगी हुई। मस्जिद बैयतुर्रहमान से साऊथ वर्जीनिया की दूरी 52 मील है।

आज का दिन जमाअत साऊथ वर्जीनिया के लिए बड़ा ही मुबारक और बरकतों वाला एक तारीख़ी दिन था। हर छोटा बड़ा, मर्द तथा औरत, जवान बूढ़ा ख़ुशी तथा प्रसन्नता से मामूर था। आज उनके घर में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला के मुबारक क़दम पहली बार पड़ रहे थे। ये लोग सुबह से ही मस्जिद मसरूर पहुंचना शुरू हो गए थे।

साऊथ वर्जीनिया की स्थानीय जमाअत के अतिरिक्त सिलीकॉन वैली, बे पॉइंट, लास एंजलीज़, कैलीफोर्निया, सयाटल,कांसास, सेंट लूईस, हीवसटन,ऑस्टन, डलास, मियामी, न्यूयार्क, न्यूजर्सी,ओशकोष और डेट्रॉइट की जमाअतों से जमाअत के लोग बड़ी दूर और लम्बा सफ़र तय कर के मस्जिद मसरूर के उद्घघाटन आयोजन में शिरकत के लिए थे।

लास अंजलीज़,सिलीकॉन वैली,बे पाओनट और सयाटल से आने वाले लोगों लगभग छ: घंटे जहाज़ का सफ़र तय करके पहुंचे थे।

इस के अतिरिक्त कैनेडा की जमाअतों टोरांटो, मिसी सागा, आटवा, कैलगरी, वेनकोवर और बैरी से भी जमाअत के लोगों की एक बहुत बड़ी संख्या इस मस्जिद के उद्घाटन में शामिल होने के लिए पहुंची थी।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के आने से पहले जमाअत साऊथ वर्जीनिया के मर्कज़ मस्जिद मसरूर का बाहरी सेहन जमाअत के लोगों से भर चुका था। मर्द औरतों की कुल संख्या तीन हज़ार तीन सौ के लगभग थी। जिनमें से दो हज़ार तीन सौ लोगों अमरीका की विभिन्न जमाअतों से आए थे जबकि एक हज़ार के लगभग कैनेडा से आए थे।

लगभग दो बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ यहां तशरीफ लाए तो सारी फ़िज़ा नारों से गूंज उठी, बच्चियों के ग्रुपस ने स्वागत गीत और तराने पेश किए। जैसे ही हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ गाड़ी से बाहर तशरीफ़ लाए तो सदर जमाअत साऊथ वर्जीनिया आदरणीय करीमुल्लाह कलीम साहिब और रीजनल मुबल्लिग़ सिलसिला फ़ारान अहमद रब्बानी साहिब ने हुज़ूर अनवर को स्वागत कहा और मुलाक़ात का अवसर प्राप्त किया।

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद की बाहरी दीवार में लगी तख़्ती की निक़ाब कुशाई फ़रमाई और दुआ करवाई। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद मसरूर और जमाअत के इस सैंटर का निरीक्षण फ़रमाया।

इस सैंटर की यह इमारत नवंबर 2017 ई में ख़रीदी गई। यह एक चर्च की बिल्डिंग थी। ख़रीदने के बाद इस में थोड़ी renovation की गई। इस इमारत की ख़रीद पर पाँच मिलियन डॉलरज़ ख़र्च हुए और इस की renovation पर लगभग 75 हज़ार डालर ख़र्च हुए।

इस सैंटर का कुल क्षेत्रफल 17.6 एकड़ है। मस्जिद का कल छत वाला हिस्सा 22403 मुरब्बा फुट पर आधारित है। मस्जिद के साथ एक structure है जो 64 फुट ऊंचा है और आगे चल कर उसे नियमित मीनार में तबदील किया जा सकेगा।

मस्जिद के दो हिस्से हैं। एक ऊपर का हिस्सा है और एक नीचे का हिस्सा है। मस्जिद के ऊपर के हिस्सा में मर्दों का हाल है। जिसके एक हिस्सा में नियमित stage बना हुआ है और इसी के साथ एक बड़ी tv screenभी लगाया गया है। एक back stage आडीयो वीडीयो रुम भी है। एक छोटा किचन भी मौजूद है।

इस सैंटर में मर्दों और औरतों के नमाज़ पढ़ने के अलग अलग हाल हैं। मर्दों के नमाज़ के हाल में 500 के लगभग लोग नमाज़ पढ़ सकते हैं। एक lobby भी है जो मर्दों के लिए over flow के अतिरिक्त ज़याफ़त के तौर पर भी प्रयोग होती है।एक उच्च स्तर का आडीयो वीडीयो सिस्टम भी मस्जिद में लगाया गया है। मस्जिद में तीन stair well के अतिरिक्त एक elevator भी मौजूद है।

निचली मंज़िल पर औरतों के लिए नमाज़ का एक हाल है जिसमें 150 से अधिक नमाज़ियों की गुंजाइश है। इसी तरह मस्जिद के इस हिस्सा में कुल ग्यारह कमरे हैं जहां बच्चों की कक्षाओं के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के दफ़्तर और

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

''जो शख़्स अल्लाह तआला के लिए मस्जिद तैय्यार करता है।

अल्लाह तआला भी इस के लिए जन्नत में वैसा ही घर तैय्यार करता है''(अलहदीस

''हमारी जमाअत यह ग़म सारे दुनयावी ग़मों से बढ़कर अपनी जान पर लगाए कि उनमें तक़्वा है या नहीं''

(हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम)

अल्लाह तआला अपने आगे झुकने वालों को भी ईमान और यक़ीन में बढ़ाता है।

आख़िरत पर यक़ीन ही अल्लाह तआला की इबादत की तरफ़ माइल करता है। ऐसी इबादत जो विशेष रूप से अल्लाह तआला की प्रसन्नता को प्राप्त करने के लिए की जाए

हक़ीक़ी आबिद और मस्जिदों को आबाद करने वाला वही है जिसके दिल में आख़िरत के बारे में कभी शंका ना आए और अंजाम बख़ैर के लिए अल्लाह तआला के आगे झुका रहे

एक कोशिश से मस्जिद को आबाद करने की ज़रूरत है

मस्जिद का हक़ अदा करना और उसे जन्नत ले जाने का ज़रीया बनाना और इस की तैय्यार से जन्नत में एक घर बनाना एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है।

अगर किसी हस्ती का हमें ख़ौफ़ है तो वह ख़ुदा तआला का है।

''असल हक़ीक़त दुआ की वह है जिसके माध्यम से ख़ुदा और इन्सान के दरमयान सम्पर्क बढ़े।

''नमाज़ हज़ारों भूलूं को दूर कर देती है और अल्लाह तआला के सानिध्य प्राप्त करने का माध्यम है।

आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हदीसों और हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेशों से पांचों समय नमाज़ों की अदायगी और दुआ की लतीफ़ हिक़्मतों का वर्णन, अहमदियों को हक़ीक़ी तक़्वा पर क़ायम होते हुए मस्जिदें आबाद की नसीहत

मस्जिद महदी, स्टरास बर्ग का उद्घाटन, उस की तैय्यार और कवाइफ़ का संक्षिप्त वर्णन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 11 अक्तूबर 2019 ई. स्थान - मस्जिद महदी, स्टरास बर्ग , (फ्रांस)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

اِنَّمَا يَعْمُرُ مَسٰجِدَ اللّٰهِ مَنْ اٰمَنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَاَقَامَ الصَّلٰوةَ وَاٰتَى الزَّكٰوةَ وَلَمْ
يَخْشَ اِلَّا اللّٰهَ فَعَسٰٓى اُولٰٓئِكَ اَنْ يَّكُوْنُوْا مِنَ الْمُهْتَدِيْنَ

(अत्तौब: 18)

एक लम्बे अर्से के बाद अल्लाह तआला ने जमाअत अहमदिया फ्रांस को यहां एक और मस्जिद बनाने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाई है। यहां इस शहर स्टरास बर्ग (Strasbourg)मैं अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से नौमुबाइअईन और ग़ैर पाकिस्तानी अहमदियों की भी बड़ी संख्या है बल्कि तक़रीबन 75 प्रतिशत ग़ैर पाकिस्तानी हैं और अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से इख़लास और वफ़ा में बढ़े हुए हैं। बहरहाल अल्लाह तआला ने यहां उन्हें एक मस्जिद प्रदान फ़रमाई है और अब यहां के रहने वाले अहमदी पहले से बढ़कर जमाअत के निज़ाम से जुड़ हो सकते हैं। अल्लाह तआला उन्हें तौफ़ीक़ भी प्रदान फ़रमाए।

यह आयत जो मैंने तिलावत की है जैसा कि आपने सुना उस का अनुवाद पढ़ता हूँ कि अल्लाह की मस्जिदों को तो वही आबाद करता है जो अल्लाह और आख़िरत के दिन पर ईमान लाता है और नमाज़ों को क़ायम करता है और ज़कात देता है और अल्लाह के सिवा किसी से नहीं डरता। अत: क़रीब है कि ऐसे लोग कामयाबी की तरफ़ ले जाए जाएं।

अल्लाह तआला ने मस्जिदें तैय्यार करने वालों और आबाद करने वालों की यह विशेषता बयान फ़रमाई हैं कि अल्लाह पर ईमान लाने वाले हैं अर्थात इस बात पर कामिल यक़ीन कि सब ताक़तों का स्रोत और मालिक ख़ुदा तआला की ज़ात है, बाक़ी सब तुच्छ है। अत: इस ईमान के हुसूल के लिए अल्लाह तआला के आगे झुकना और इस की इबादत बहुत ज़रूरी है। अल्लाह तआला अपने आगे झुकने वालों को भी ईमान और यक़ीन में बढ़ाता है। फिर आख़िरत के दिन पर यक़ीन भी अल्लाह तआला ने मस्जिद में आने वालों की ख़ुसूसीयत ,शर्त वर्णन की है क्योंकि आख़िरत पर यक़ीन ही अल्लाह तआला की इबादत की तरफ़ माइल करता है ऐसी इबादत जो विशेष रूप से अल्लाह तआला की रज़ा के हुसूल के लिए की जाए। इस बात को बयान फ़रमाते हुए एक अवसर पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि

आख़रत पर ईमान का फ़ायदा यह है कि इस से अल्लाह तआला की मार्फ़त हासिल होती है और सच्ची मार्फ़त बग़ैर हक़ीक़ी ख़शीयत और ख़ुदा तआला के भय के हासिल नहीं हो सकती। आप फ़रमाते हैं कि आत: याद रखो कि आख़िरत के बारे में शंकाओं का पैदा होना ईमान को ख़तरे में डाल देता है और ख़ातिमा बिलख़ैर में शक पड़ है।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 53-54)

अर्थात ख़ातिमा बिलख़ैर फिर यक़ीनी नहीं रहता, फिर यह बात नहीं रहती कि इन्सान ईमान पर क़ायम रहेगा। अत: हक़ीक़ी आबिद और मस्जिदों को आबाद करने वाला वही है जिसके दिल में आख़िरत के बारे में कभी शंका ना आए और अंजाम बख़ैर के लिए अल्लाह तआला के हुज़ूर झुका रहे। फिर फ़रमाया कि मस्जिदें आबाद वही कर सकते हैं या उन्हीं को मस्जिदों की तैय्यार करने का फ़ायदा है जो नमाज़ें क़ायम करने वाले हैं, इस बात का वादा करते हैं कि हमने ये मस्जिद सिर्फ इसलिए नहीं बनाई कि दुनिया को दिखा दें कि हमारी भी एक मस्जिद है बल्कि इस को पाँच वक़्त आबाद करना अब हमारा काम है। अल्लाह तआला ने यहां नमाज़ क़ायम करने वाले फ़रमाया है और क़ायम करने का अर्थ ही यह है कि जो जमाअत के साथ नमाज़ अदा करने वाले हैं। फिर ज़कात की तरफ़ तवज्जा है, माली क़ुर्बानी की तरफ़ तवज्जा है तो मस्जिद आबाद करने वालों की ये गुण होने चाहिए कि ख़ुदा तआला के धर्म की इशाअत के लिए क़ुर्बानियां करें और अल्लाह

तआला के बंदों के हुक़ूक़ भी अदा करें और ये सब इसलिए है कि अल्लाह तआला का भय हमारे दिलों में बढ़े, उस की रज़ा के हुसूल के लिए हम भरपूर कोशिश करें। अल्लाह तआला फ़रमाता है ये सब कुछ करने वाले ही हैं जो अल्लाह तआला के नज़दीक हिदायत पाने वाले हैं या हिदायत पाने वाले लोगों में गिने जाऐंगे।

अत: हमें हमेशा यह दुआ करते रहना चाहिए और इस के अनुसार कोशिश करनी चाहिए और अल्लाह तआला के आगे झुकते हुए यह निवेदन करना चाहिए, नए आने वालों को भी और पुराने अहमदियों को भी, बल्कि पुराने अहमदियों की ज़्यादा ज़िम्मेदारी है और खासतौर पर पाकिस्तान से आए हुओं की कि वे इस बात का ज़्यादा ख़्याल रखें कि नए आने वालों के लिए उन्होंने अपने नमूने भी क़ायम करने हैं कि हमें हमारी मस्जिद की तैय्यारी के बाद इस सोच के साथ और अपनी व्यावहारिक हालतों को इस फ़रमान के अनुसार करते हुए मस्जिद आबाद करने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़र्मा और हमें हिदायत पाने वाले लोगों में शामिल फ़र्मा। मस्जिद आबाद करने वालों के बारे में जो अल्लाह तआला का यह हुक्म है इस आदेश पर अपनी कमज़ोरीयों और सुस्तियों की वजह से अनुकरण ना कर के कहीं हम अपनी दुनिया तथा आख़िरत बर्बाद करने वाले ना बन जाएं। हम पर रहम करते हुए हमें भटकने से बचाए रखना और हमें सीधे रास्ते पर चलाए रखना। हमारी नीयतों को हमेशा साफ़ और नेक रखना। हम तेरा हक़ अदा करने वाले भी हों और इस इलाक़े में तेरे धर्म का पैग़ाम पहुंचाने वाले भी हों। हम इस मस्जिद की तैय्यार के साथ तेरे भेजे हुए मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के इरशाद के अनुसार इस मस्जिद को इस्लाम की तब्लीग़ का माध्यम बनाने वाले हों और अपना फ़ज़ल फ़रमाते हुए हमें अपने प्यारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इस इरशाद का वारिस भी बना जिस में आप ने फ़रमाया कि जो आदमी अल्लाह तआला के लिए मस्जिद तैय्यार करता है अल्लाह तआला भी इस के लिए जन्नत में वैसा ही घर तैय्यार करता है।(-सही अल-बुख़ारी अस्सलात बाब मिन बनी हदीस 450)अत: हमें हक़ीक़ी मोमिन बनाते हुए अपने फ़ज़लों से नवाज़ता चला जा।

इत: इन बातों के हुसूल के लिए सबसे पहले तो हर अहमदी को अपने नमाज़ों के जायज़े लेने चाहिऐं कि क्या उनकी पाँच वक़्त बाक़ायदगी से नमाज़ पढ़ने की तरफ़ ध्यान है और फिर जमाअत के साथ नमाज़ पढ़ने की तरफ़ द्यान है? सिर्फ इतना तो काफ़ी नहीं कि हमारी मस्जिद बन गई। जन्नत में घर बनाने के लिए तो इतना ही काफ़ी नहीं है कि मस्जिद बना ली, उस के लिए ईमान के साथ कर्म की भी ज़रूरत है, अल्लाह तआला के हुक्मों पर चलने की भी ज़रूरत है, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत में होने का हक़ अदा करने की भी ज़रूरत है। हर साल हज़ारों मस्जिदें मुस्लमान बनाते हैं लेकिन अगर उनमें फ़िर्कावारीयत के दर्स दिए जाते हैं, उनमें अल्लाह तआला के ख़ौफ़ और भय और अल्लाह तआला के बंदों के हुक़ूक़ की अदायगी के बजाय केवल व्यक्तिगत स्वार्थों या सिर्फ उसी फ़िर्क़े के हितों की बातें की जाती हैं या नई नई बिदअतें तथा कथित उल्मा पैदा कर रहे हैं जिनका आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत से कोई सम्बन्ध नहीं तो वे मस्जिदें अल्लाह तआला के नज़दीक और इस के रसूल के नज़दीक जन्नत में ले जाने वाली मस्जिदें नहीं। अत: मस्जिद का हक़ अदा करना और उसे जन्नत ले जाने का माध्यम बनाना और इस की तैय्यार से जन्नत में एक घर बनाना एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है और इस ज़िम्मेदारी को हर अहमदी को समझ कर फिर इस पर अनुकरण करने और इस का हक़ अदा करने की कोशिश करनी चाहिए। और इस ज़माने में हमें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम ने एक हक़ीक़ी मुस्लमान बनने और इबादतों और अपनी मस्जिदों के हक़ अदा करने और अल्लाह तआला की मख़लूक़ के हक़ अदा करने के बारे में जिस तरह बताया है उसे समझने और इस पर अनुकरण करने की ज़रूरत है। तब ही हम कह सकते हैं कि हम अल्लाह तआला पर दृढ़ और कामिल ईमान लाने वाले हैं, आख़िरत के दिन पर कामिल ईमान और यक़ीन रखते हैं। अल्लाह तआला की रज़ा के हुसूल के लिए अपनी नमाज़ों को क़ायम रखने वाले हैं और अपने माल क़ुर्बान कर के अल्लाह तआला के बंदों के हुक़ूक़ भी क़ायम करने वाले हैं और अगर किसी हस्ती का हमें ख़ौफ़ है तो वह ख़ुदा तआला का है। अल्लाह तआला की ख़शीयत ही हमारे दिलों में है क्योंकि हम इस से प्यार करने वाले हैं। किसी दुनियावी चीज़ से हमें ख़ौफ़ नहीं है, किसी दुनियावी चीज़ से हमें वह मुहब्बत नहीं जो हमें ख़ुदा तआला से है। हम अपने दुनियावी लाभों को अपने ईमान और अपने धर्म के लिए क़ुर्बान करने वाले हैं। हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक हक़ीक़ी अहमदी बनने और ख़ुदा तआला का हक़ीक़ी अब्द बनने के लिए जो नसीहतें हमें फ़रमाई हैं उनमें से कुछ मैं पेश करता हूँ। हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं:

अल्लाह तआला ने जिस क़दर कुव्वतें प्रदान फ़रमाई हैं हाथ पांव और बाक़ी चीज़ें, आँखें ज़बान हर चीज़ जो हमें प्रदान फ़रमाई है वह नष्ट करने के लिए नहीं हैं, वे नष्ट करने के लिए नहीं दिए गए, उनका उचित और जायज़ इस्तिमाल करना ही उनको बढ़ना है, इसलिए कि उनकी बढ़ाना हो और बढ़ना किस तरह होगी कि उनका जायज़ इस्तिमाल हो, उनका ग़लत इस्तिमाल ना हो। इसी लिए इस्लाम ने पौरुष्त्व के शक्तियां या आँख के निकालने की शिक्षा नहीं दी बल्कि उनका जायज़ इस्तिमाल और नफ़स की पवित्रता कराई है। यह नहीं कि आँखों से बद-नज़री करनी है तो इसलिए आँखें निकाल दो बल्कि उनका जायज़ इस्तिमाल चाहिए या पौरुष्तव की शक्तियां हैं उनको ख़त्म कर दो यह तो कोई चीज़ नहीं बल्कि उनको पवित्र करना, उनका पवित्र इस्तिमाल करना असल चीज़ है। फ़रमाया कि قَدْ اَفْلَحَ الْمُؤْمِنُوْنَ और ऐसे ही यहां भी वर्णन फ़रमाया कि मुत्तक़ी की ज़िन्दगी का नक़्शा खींच कर आख़िर में बतौर नतीजा यह कहा है وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ मुत्तक़ी का नक़्शा खींचा पहले फ़रमाया قَدْ اَفْلَحَ الْمُؤْمِنُوْنَ और फिर फरमाया कि وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ अर्थात वे लोग जो तक़्वा पर क़दम मारते हैं, ग़ैब पर ईमान लाते हैं, नमाज़ डगमगाती है फिर उसे खड़ा करते हैं अर्थात विभिन्न ख़्यालात नमाज़ में आते हैं फिर अल्लाह की तरफ़ तवज्जा करते हैं। ख़ुदा के दिए हुए से देते हैं, जो अल्लाह तआला ने नेअमतें दी हैं इस में से इस की राह में ख़र्च करते हैं। फ़रमाया कि बावजूद नफ़स के ख़तरों के बिला सोचे ुपछले और वर्तमान अल्लाह की किताब पर ईमान लाते हैं। अल्लाह ने कहा है कि सब किताबों पर ईमान लाओ तो ईमान लाते हैं और आख़िर में वे यक़ीन तक पहुंच जाते हैं। यही वे लोग हैं जो हिदायत के सिर पर हैं। वे एक ऐसी सड़क पर है जो बराबर आगे को जा रही है और जिससे आदमी सफलता तक पहुंचता है। यही लोग सफलता पाने वाले हैं जो मंज़िल मक़सूद तक पहुंच गए और राह के ख़तरों से नजात पा चुके हैं। फिर फ़रमाया इसलिए शुरू में ही अल्लाह तआला ने हम को तक़्वा की तालीम देकर एक ऐसी किताब हमको प्रदान की है जिसमें तक़्वा की नसीहत हैं । फ़रमाते हैं अत: हमारी जमाअत यह ग़म सारे दुनयावी ग़मों से बढ़कर अपनी जान पर लगाए कि उनमें तक़्वा है नहीं।

(उद्धरित मलफ़ूज़ात भाग 1पृष्ठ 35)

इन्सान किस तरह देखे कि इस में तक़्वा है या नहीं और मुत्तक़ी कौन लोग होते हैं इस की वज़ाहत फ़रमाते हुए आप ने फ़रमाया कि

''ख़ुदा के कलाम से पाया जाता है कि मुत्तक़ी वे होते हैं जो विनम्रता और विनय से चलते हैं।' बहुत नरमी है बहुत आजिज़ी होती है उनमें ''वे गर्वपूर्ण वार्तालाप नहीं करते।' अंहकार बिलकुल नहीं होता उनमें। ''उनकी गुफ़्तगु ऐसी होती है जैसे छोटा बड़े से गुफ़्तगु करे।' हज़ूर ने फ़रमाया कि ''हम को हर हाल में वह करना चाहिए जिससे हमारी नजात हो अल्लाह तआला किसी का ठेकेदार नहीं। वह ख़ास तक़्वा को चाहता है। जो तक़्वा करेगा वह उच्च स्तार को पहुँचेगा फ़रमाया कि ''आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम या हज़रत इबराहीम अलैहिस्सलाम में से किसी ने विरासत से तो इज़्ज़त नहीं पाई।' फ़रमाते हैं ''यद्यपि हमारा ईमान है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सम्मान्नीय पिता अब्दुल्लाह मुशरिक ना थे लेकिन उसने नबुव्वत तो नहीं दी।यह तो अल्लाह तआला का फ़ज़्ल था इन सदक़ों के कारण जो उनकी फ़ित्रत में थे।' अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की। ''यही फ़ज़ल के मुहर्रिक थे। हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम जो अबुल अंबिया थे उन्होंने अपनी सच्चाई तथा तक़्वा से ही बेटे को क़ुर्बान करने में दरेग़ ना किया। ख़ुद आग में डाले गए। हमारे सय्यद तथा मौला हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्ल-ल्लाहो अलैहि वसल्लम का ही सिदक़ तथा वफादारी देखिए आप ने हर एक किस्म की बुरी तहरीक का मुक़ाबला किया। तरह तरह की मसीबतों तकलीफ़ों को उठाया लेकिन परवाह ना की। यही सिदक़ तथा वफादारी थी जिसके कारण अल्लाह तआला ने फ़ज़ल किया। इसीलिए तो अल्लाह ने फ़रमाया

اِنَّ اللّٰهَ وَمَلٰٓئِكَتَهٗ يُصَلُّوْنَ عَلَى النَّبِيِّ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا صَلُّوْا عَلَيْهِ وَسَلِّمُوْا تَسْلِيْمًا۔

(अल-अहज़ाब 57)

अल्लाह तआला और इस के समस्त फ़रिश्ते रसूल पर दुरूद भेजते हैं। हे ईमान वालो तुम दुरूद तथा सलाम भेजो नबी पर।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 37)

अत: हमें यही हुक्म है कि अगर दुआ की क़बूलीयत चाहते हो तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर दुरूद भेजो और बग़ैर दुरूद के की गई दुआएं आसमान तक नहीं पहुंचतीं, इन्सान कामयाबियां हासिल नहीं कर सकता। अत: इबादतों के स्तर बेहतर करने के लिए और अल्लाह तआला का सानिध्य पाने के लिए दुरूद भी ज़रूरी है और दुरूद भेजने वाला यक़ीनन फिर आँहज़रत सल्ल-ल्लाहो अलैहि वसल्लम के आदर्श को सामने रखेगा। आप ने क्या इबादत के स्तर स्थापित किए, अपनी उम्मत को इस की नसीहत फ़रमाई। आप ने फ़रमाया कि मेरी आँखों की ठंडक नमाज़ है।

(सुनन अन्निसाई किताब अशरतुलन्निसा हदीस 3391)

फिर मख़लूक़ के हक़ अदा करने के लिए भी आप ने अपने नमूने क़ायम फ़रमाए जिसकी मिसालें मिलनी मुश्किल हैं। अपनी फ़िक्र भी कभी नहीं की। जो कुछ था, घाटी के बराबर भी दौलत थी तो वह भी बांट दी। कोई मांगने वाला आया उस को ख़ाली हाथ भेजा।

(सही मुस्लिम किताबुल फ़ज़ाइल बाब फ़ी सख़ा हदीस 2312))

इस के इलावा फिर और भी आप का हाथ हर समय मख़लूक़ की ख़िदमत के लिए तैयार रहता था। अत: दुरूद भेजने वाला आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आदर्श को सामने रखकर जब दुरूद भेजता है तो फिर ही उस की तवज्जा भी इस नमूने पर चलने की तरफ़ होती है जो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने क़ायम फ़रमाए। जब यह हालत हो तो फिर अल्लाह तआला अपने प्यारे नबी, अपने प्यारे बंदे से हमारी मुहब्बत के इज़हार और इस पर दुरूद भेजने की वजह से हमारी दुआओं को भी क़बूलीयत का दर्जा देता है और तब ही हम अल्लाह तआला का क़ुरब प्राप्त करे के विनय और विनम्रता दिखाने वाले बन कर उन लोगों में शामिल होने वाले बन सकते हैं जो तक़्वा पर चलने वाले हैं और यही वे लोग हैं जो कामयाबी हासिल करने वाले हैं, सफलता पाने वाले हैं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक अवसर पर फरमाते हैं कि

अगर हम में निरी बातें ही बातें हैं तो याद रखो कि कुछ फ़ायदा नहीं है। फ़रमाया कि फ़तह के लिए तक़्वा ज़रूरी है। फ़तह चाहते हो तो मुत्तक़ी बन जाओ और यही हक़ीक़ी तक़्वा है जो अल्लाह तआला की हक़ीक़ी पहचान करवाता है और इस के हुक्मों पर चलने वाला बनाता है

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 232)

फिर नमाज़ की हक़ीक़त बयान फ़रमाते हुए कि नमाज़ क्या चीज़ है और हक़ीक़ी नमाज़ कैसी होनी चाहिए आप फरमाते हैं कि

'' बहुत हैं कि ज़बान से तो ख़ुदा तआला का इक़रार करते हैं लेकिन अगर टटोल कर देखो तो मालूम होगा कि उनके अंदर नास्तिकता है क्योंकि दुनिया के कामों में जब व्यस्त होते हैं तो ख़ुदा तआला के क़हर और इस की अज़मत को बिलकुल भूल जाते हैं। इसलिए यह बात बहुत ज़रूरी है कि तुम लोग दुआ के माध्यम से अल्लाह तआला से मार्फ़त मांगो। बग़ैर उस के पूर्ण यक़ीन हरगिज़ हासिल नहीं हो सकता। वह उस वक़्त हासिल होगा जबकि यह इलम हो कि अल्लाह तआला से सम्बध विच्छेद करने में एक मौत है। गुनाह से बचने के लिए जहां दुआ करो वहां साथ ही कोशिश के सिलसिला को हाथ से ना छोड़ो।' दुआ भी ज़रूरी है ,तदबीर भी ज़रूरी है। ''और समस्त महफ़िलें और मज्लिसें जिनमें शामिल होने से गुनाह की तहरीक होती है उनको छोड़ दो।' ख़ुद हम जायज़ा ले सकते हैं हर कोई, कौन कौन सी ऐसी मज्लिसें हैं, कौन कौन सी ऐसी महफ़िलें हैं, कौन से ऐसे प्रोग्राम हैं टीवी के और दूसरी चीज़ों के जिनसे गुनाह की तहरीक होती है उनको छोड़ना पड़ेगा, छोड़ दो ''और साथ ही साथ दुआ भी करते रहो।' अल्लाह तआला के फ़ज़ल के साथ छोड़ने की तौफ़ीक़ मिलती है इसलिए उस की दुआ भी करो। ''और ख़ूब जान लो कि इन आफ़तों से जो क़ज़ा तथा क़दर की तरफ़ से इन्सान के साथ पैदा होती हैं जब तक ख़ुदा तआला की मदद साथ ना हो हरगिज़ रिहाई नहीं होती। नमाज़ जो कि पाँच वक़्त अदा की जाती है इस में भी यही इशारा है कि अगर वह नफ़सानी जज़बात और विचारों से उसे महफ़ूज़ ना रखेगा। तब तक वह सच्ची नमाज़ हरगिज़ ना होगी। नमाज़ के अर्थ टक्करें मार लेने और रस्म और आदत के तौर पर अदा करने के हरगिज़ नहीं। नमाज़ वह चीज़ है जिसे दिल भी महसूस करे कि रूह पिघल कर ख़ौफ़नाक हालत में अल्लाह तआला के दरवाज़ा पर गिर पड़े। जहां तक ताक़त है वहां तक रिक़्क़त के पैदा करने की कोशिश करे और गिड़िगड़ा कर दुआ मांगे कि शोख़ी और गुनाह जो अंदर नफ़स में हैं वह दूर हों। इसी किस्म की नमाज़ बरकत वाली होती है और अगर वह इस पर इस्तिक़ामत धारण करेगा तो देखेगा कि रात को या दिन को एक नूर उस के दिल पर गिरा है और नफ़स अम्मारा की शोख़ी कम हो गई है। जो बुराईयों की तरफ़ उभारने वाला नफ़स है वह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। ''जैसे अज़दहा में एक क़त्ल करने वाला ज़हर होता है इसी तरह नफ़स अम्मारा में भी कत्ल करने वाले ज़हर होता है और जिसने उसे पैदा किया इसी के पास उस का ईलाज है।

(मल्फ़ूज़ात बाग 7 पृष्ठ 123)

अर्थात जो पैदा करने वाला है इसी के पास उस का ईलाज भी है अर्थात अल्लाह तआला ही इस का ईलाज कर सकता है इसलिए नफ़स की बुराईयों और गुनाहों से बचने के लिए अल्लाह तआला से ही उस का फ़ज़ल माँगना चाहिए। फिर नमाज़ का महत्त्व वर्णन करते हुए आप ने फ़रमाया कि नमाज़ ही इबादत का मग़ज़ (सार) है। इसलिए हमेशा याद रखना चाहिए कि नमाज़ के बग़ैर या अल्लाह तआला के बताए हुए तरीक़ा के बग़ैर इबादत का हक़ अदा ही नहीं हो सकता और नमाज़ के कुछ लवाज़मात भी हैं, कुछ शर्तें भी हैं, उनको पूरा करना भी ज़रूरी है। नमाज़ में इस बात का ख़्याल रखना भी ज़रूरी है कि अदब वाला हो कर अल्लाह तआला के सामने खड़ा हो। आजिज़ी हो, पूरा मग्न हो, उस के फ़ज़लों को मांग रहा हो। इस हालत की वज़ाहत फ़रमाते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि

''एक बार मैंने ख़्याल किया कि सलात में और दुआ में क्या फ़र्क़ है। हदीस शरीफ़ में आया है कि اَلصَّلٰوۃُ ھِیَ الدُّعَاءُ ۔ اَلصَّلٰوۃُ مُخُّ الْعِبَادَۃ अर्थात नमाज़ ही दुआ है । नमाज़ इबादत का मग़ज़ है। जब इन्सान की दुआ केवल दुनिया के मामलों के लिए हो तो इस का नाम सलात नहीं।' इन्सान दुआ करता है, मस्जिदों में नमाज़ के लिए आता है, पाँच वक़्त नमाज़ें पढ़नी शुरू कर देता है, बड़ी दुआएं करता है, बड़ा रोता है सिर्फ इसलिए कि कुछ दुनया के मस्ले होते हैं। आप ने फ़रमाया कि सिर्फ दुनियावी बातों के लिए अगर नमाज़ पढ़ रहे हो तुम तो इस को सलात नहीं कहते ''लेकिन जब इन्सान ख़ुदा को मिलना चाहता है और इस की रज़ा को समक्ष रखता है और अदब, इन्किसार, विनय और निहायत मग्ल हो कर अल्लाह तआला के हुज़ूर में खड़ा हो कर उस की प्रसन्नता को चाहता है।' अपनी बातें नहीं मांगता रहता बल्कि अल्लाह तआला की रज़ा का इच्छुक होता है। ''तब वह सलात में होता है। असल हक़ीक़त दुआ की वह है जिसके माध्यम से ख़ुदा और इन्सान के मध्य सम्पर्क बढ़े। यही दुआ है कि अल्लाह तआला का क़ुरब हासिल करने का माध्यम होती है।' यही दुआ है जो कि अल्लाह तआला का क़ुरब हासिल करने का माध्यम होती है ''और इन्सान को व्यर्थ बातों से हटाती है। असल बात यही है कि इन्सान अल्लाह तआला की रज़ा को हासिल करे उस के बाद रूह है कि इन्सान अपनी दुनया की ज़रूरतों के लिए भी दुआ करे।' पहले अल्लाह तआला की रज़ा को हासिल करने की दुआ करो फिर दुनिया की ज़रूरतें जो हैं उनके लिए भी दुआ करे कि वह भी अल्लाह तआला के फ़ज़लों से ही मिलती हैं ''यह इस लिए जायज़ रखा गया है कि दुनिया की मुश्किलें कीई बार धार्मिक

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस

ख़िलाफत का निज़ाम भी अल्लाह तआला और उस के रसूल के आदेशों और निज़ाम का हिस्सा है।

(ख़ुत्बा जुम्अ: 24 मई 2019 ई)

तालिबे दुआ

मुहम्मद शुएब सुलेजा पुत्र जनाब मुहम्मद ज़ाहिद सुलेजा मरहूम तथा फैमली, अहमदिया जमाअत कानपुर(उत्तर प्रदेश)

हदीस नबवी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और अगर खड़े होकर संभव न होतो बैठ कर और अगर बैठ कर भी संभव न हो तो पहलु के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Purulia, West Bengal

मामलों में रोक हो जाती हैं ख़ासकर कच्चे और उधूरे ज़माना में ये बातें ठोकर का कारण बन जाती हैं।' जो कमज़ोरियाँ होती हैं, दुनिया के मामले ठोकर का कारण बन जाते हैं इसलिए अल्लाह तआला से पहले ताल्लुक़ क़ायम करो फिर दुनिया के मामलों के लिए भी दुआ करो। फ़रमाया कि ''सलात का लफ़्ज़ वेदना भरे अर्थ पर दलालत करता है जैसे आग से जलन पैदा होती है वैसी ही गदाज़श दुआ में पैदा होना चाहिए। जब ऐसी हालत को पहुंच जाए जैसे मौत की हालत होती है तब उस का नाम सलात होता है।'

(मल्फ़ूज़ात भाग 7 पृष्ठ 367-368)

अत: यह है नमाज़ की वास्तविक हालत जिसे हासिल करने की हमें कोशिश करनी चाहिए। अल्लाह तआला हमें इस की तौफ़ीक़ भी प्रदान फ़रमाए

फिर एक जगह आप अलैहिस्सलाम ने इस बात की वज़ाहत फ़रमाई कि याद रखो अगर ईमान का दावा है तो फिर नमाज़ों की अदायगी भी ज़रूरी है। तीन नमाज़ें पढ़ कर या चार नमाज़ें पढ़ कर जिस तरह कुछ लोग करते हैं फिर ईमान का दावा ग़लत बात है क्योंकि ईमान की जड़ नमाज़ है और जिसकी जड़ ही नहीं है वह एक खोखले दरख़्त की तरह है जिसको थोड़ी सी हवा जो है ज़मीन पर गिरा देगी। आप फ़रमाते हैं:

''जिस तरह बहुत धूप के साथ आसमान पर बादल जमा हो जाते हैं और बारिश का वक़्त आ जाता है ऐसा ही इन्सान की दुआएं एक ईमान की गर्मी पैदा करती हैं और फिर काम बन जाता है। नमाज़ वह है जिसमें सोज़िश और गदाज़श के साथ और आदाब के साथ इन्सान ख़ुदा तआला के समक्ष खड़ा होता है। जब इन्सान बंदा हो कर लापरवाही करता है तो ख़ुदा की ज़ात भी ग़नी है।' इस को भी कोई परवाह नहीं होती फिर। ''हर एक उम्मत उस वक़्त तक क़ायम रहती है जब तक उस में अल्लाह तआला की तरफ ध्यान क़ायम रहता है। ईमान की जड़ भी नमाज़ है। कुछ बेवक़ूफ़ कहते हैं कि ख़ुदा को हमारी नमाज़ों की क्या ज़रूरत है।' फ़रमाया कि ''हे नादानो ख़ुदा को ज़रूरत नहीं।' उस को ज़रूरत नहीं है ''मगर तुमको तो ज़रूरत है।' तुम्हें ज़रूरत है नमाज़ों की ''कि ख़ुदा तआला तुम्हारी तरफ़ ध्यान करे। ख़ुदा की तवज्जा से बिगड़े हुए काम सब दरुस्त हो जाते हैं। नमाज़ हज़ारों भूलूं को दूर कर देती है और अल्लाह ताला के कुर्ब का माध्यम है।

(मलफ़ूज़ात भाग 7 पृष्ठ 378)

और फिर सिर्फ़ नमाज़ पढ़ने तक ही नहीं कि इस से अल्लाह तआला का क़ुर्ब मिलता है, भूल माफ़ हो जाती हैं और बिगड़े काम दरुस्त हो जाते हैं बल्कि नेक नीयती से मस्जिद में आने वाले और बैठ कर नमाज़ का इंतिज़ार करने वाले के बारे में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि जब तक नमाज़ के लिए अर्थात उस के इंतिज़ार में, नमाज़ पढ़ने के इंतिज़ार में कोई शख़्स मस्जिद में बैठा रहता है नमाज़ में मसरूफ़ ही समझा जाता है। मस्जिद में बैठना भी और वहां ज़िक्र इलाही कर रहा है तो वह नमाज़ में मसरूफ़ समझा जाएगा और फ़रिश्ते इस पर दुरूद भेजते रहते हैं और कहते हैं कि अल्लाह! इस पर रहम कर और इस को बख़श दे। इस की तौबा क़बूल कर

(सही मुस्लिम किताबुल मसाजिद बाब फ़ज़ल अस्ससलातिल मकतूब फ़ी जमाअत... हदीस 649))

अत: कितना बड़ा अज्र है मस्जिद में आकर नमाज़ पढ़ने वाले का कि सिर्फ नमाज़ पढ़ने का ही नहीं बल्कि इंतिज़ार का भी सवाब मिल रहा है अल्लाह तआला की तरफ़ से और फ़रिश्ते उस के लिए दुआएं कर रहे हैं

अत: ऐसे मेहरबान ख़ुदा की इबादत का हक़ अदा करने की हमें किस फ़िक्र के साथ कोशिश करनी चाहिए और पांचों वक़्त आकर मस्जिद को आबाद रखने की कोशिश करनी चाहिए। इस बात को बयान फ़रमाते हुए कि मज़हब की इच्छा एक एकता पैदा करना है, एक क़ौम और एक उम्मत बनाना है आप फ़रमाते हैं कि अल्लाह तआला की यह इच्छा है कि समस्त इन्सानों को एक नफ़्स वाहिदा की तरह बना दे जिसका नाम वहदत जमहूरी है जिससे बहुत से इन्सान बहालत मजमूई एक इन्सान के आदेश में समझा जाता है, बहुत सारे जमा हो जाते हैं तो एक इन्सान बन जाता है। मज़हब से भी यही इच्छा होती है कि तस्बीह के दानों की तरह वहदत जमहूरी के एक धागे में सब पिरोए जाएं। ये नमाज़ें जमाअत के साथ जो कि अदा की जाती हैं वे भी इसी वहदत के लिए हैं ताकि सारे नमाज़ियों का एक वजूद शुमार किया जाए और आपस में मिलकर खड़े होने का हुक्म इसलिए है कि जिसके पास ज़्यादा नूर है वे दूसरे कमज़ोर में सरायत कर के उसे क़ुव्वत दे। यहां तक कि हज भी इसलिए है। इस वहदत जमहूरी को पैदा करने और क़ायम रखने की इबतिदा इस तरह से अल्लाह तआला ने की है कि पहले यह आदेश दिया कि हर एक मुहल्ले वाले पाँच वक़्त नमाज़ों को जमाअत के साथ मुहल्ला की मस्जिद में अदा करें ता कि अख़लाक़ का तबादला आपस में हो और अनवार मिलकर कमज़ोरी को दूर कर दें और आपस में परिचय हो कर मुहब्बत पैदा हो। तआरुफ़ बहुत उम्दा चीज़ है क्योंकि इस से मुहब्बत बढ़ती है जो कि वहदत की बुनियाद है यहां तक कि परिचय वाला दुश्मन एक नाआशना दोस्त से बहुत अच्छा होता है क्योंकि जब ग़ैर मुल्क में मुलाक़ात हो तो परिचय की वजह से दिलों में मुहब्बत पैदा हो जाती है। वजह उस की यह होती है कि द्वेश वाली ज़मीन से अलग होने के बुग़ज़ के कारण जो कि आरिज़ी चीज़ होते है वे तो दूर हो जाता है और सिर्फ परिचय बाक़ी रह जाता है। फिर दूसरा हुक्म यह है कि जुम्अ: के दिन जामा मस्जिद में जमा हों क्योंकि एक शहर के लोगों का हर रोज़ जमा होना मुश्किल होता है इसलिए यह तजवीज़ है कि शहर के सब लोग हफ़्ते में एक बार मिलकर परिचय और एकता करें।

अब यहां दूरी अगर ज़्यादा भी हों तो सवारियों की सहूलत है जिनके पास उनका तो मस्जिद में रोज़ाना आना भी कोई ऐसा मुश्किल नहीं है ,वे आ सकते हैं। फिर अगर नीयत हो आने की तो आया जा सकता है मस्जिद को आबाद करने के लिए लेकिन फ़रमाया अगर बहुत दूर भी रह रहे हैं लोग और मजबूरी भी है तब भी जुम्अ: को तो ज़रूर आना चाहिए। आख़िर कभी ना कभी तो सब एक हो जावेंगे। फिर साल के बाद दोनों ईदों में भी तजवीज़ की कि गांव और शहर के लोग मिलकर नमाज़ अदा करें ताकि तआरुफ़ और मुहब्बत बढ़कर वहदत जमहूरी पैदा हो। फिर इसी तरह सारी दुनिया के इजतिमा के लिए एक दिन उम्र-भर में निर्धारित कर दिया कि मक्का के मैदान में सब जमा हूँ अर्थात जिनको तौफ़ीक़ है हज करने की वे हज को जाएं। अत: कि इस तरह से अल्लाह तआला ने चाहा कि आपस में मुहब्बत और प्रेम तरक़्क़ी पकड़े और फिर आप अपने मुख़ालिफ़ों के बारे में बता रहे हैं, अफ़सोस कि उनको इस बात का इलम नहीं कि इस्लाम का फ़लसफ़ा कैसा पक्का है, जो इस्लाम के विरोधी हैं उनको पता ही नहीं जो इबादतों पर एतराज़ करते रहते हैं, पाँच वक़्त की इबादतें उनका मक़सद किया है, हर हफ़्ते की इबादत का क्या मक़सद है, ईदों की, बाक़ी बातों की तो आप फ़र्मा रहे हैं यह फ़लसफ़ा है और इस को याद रखना चाहिए। फ़रमाया कि ख़ुदा तआला के आदेशों में ढीलापन और इस से पूर्ण रूप से मुंह मोड़ना कभी मुम्किन ही नहीं। फ़रमाते हैं कि अफ़सोस ज्ञान नहीं कि इस्लाम का फ़लसफ़ा कैसा पक्का है। दुनया के हुक्काम की तरफ़ से जो आदेश पेश होते हैं उनमें तो इन्सान हमेशा के लिए ढीला हो सकता है लेकिन ख़ुदा तआला के आदेशों में ढीलापन और इस से पूर्ण रूप से मुंह मोड़ना कभी मुम्किन ही नहीं। कौन सा ऐसा मुस्लमान है जो कम से कम ईदों की भी नमाज़ ना अदा करता हो। अत: इन समस्त इज्तिमाओं का यह फ़ायदा है कि एक के अनवार दूसरे में असर कर के उसे शक्तियां बख़्शें।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 7 पृष्ठ 129-130)

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

आपस में मिलते-जुलते हैं तो बहरहाल असर होता है लेकिन ये तो उन लोगों के लिए जो बिलकुल ही ईमान में कमज़ोर हैं लेकिन हक़ीक़ी ईमान यही है कि पाँच वक़्त नमाज़ों के लिए मस्जिद में आओ। जबकि अल्लाह तआला ने आपको यह मस्जिद प्रदान कर दी है तो आप लोगों को जमा हो कर इस वहदत का नज़ारा भी यहां पेश करना चाहिए, जिनको सफ़र की भी सहूलतें हैं। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से फ़ायदा उठाते हुए उसे आबाद रखें फिर अल्लाह तआला भी किस तरह मेहरबानी फ़रमाता है जैसा कि अभी बताया कि अल्लाह तआला ने फ़रिश्तों को इस के लिए दुआओं पर लगा दिया जो पाँच वक़्त नमाज़ों के लिए आते हैं और फिर जो नमाज़ जमाअत जमाअत के साथ है इस का सवाब भी अल्लाह तआला ने सत्ताईस गुना अधिक रका है।

(सही अल-बुख़ारी किताबुल अज़ान बाब फ़ज़ल सलातुल जमाअत हदीस 645)

अत: अल्लाह तआला के फ़ज़लों के इस इज़हार के बावजूद अगर हम बावजूद तौफ़ीक़ होते हुए उस की क़दर नहीं करते तो यह बदक़िस्मती है। हर अहमदी के लिए यह बहुत सोचने का स्थान है और एक कोशिश से मस्जिद को आबाद करने की ज़रूरत है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम हैं कि

''हे वे समस्त लोगो जो अपने आप को मेरी जमाअत में शामिल करते हो ,आसमान पर तुम उस वक़्त मेरी जमाअत गिने जाओगे जब सचमुच तक़्वा की राहों पर क़दम मारोगे। अत: अपनी पांचों समय की नमाज़ों को ऐसे ख़ौफ़ और हुज़ूर से अदा करो कि मानो तुम ख़ुदा तआला को देखते हो।' पांचों समय की नमाज़ों को ऐसे ख़ौफ़ और हुज़ूर से अदा करो कि मानो तुम ख़ुदा तआला को देखते हो ''और अपने रोज़ों को ख़ुदा के लिए सिदक़ के साथ पूरे करो। हर एक जो ज़कात के योग्य है वे ज़कात दे और जिस पर हज फ़र्ज़ हो चुका है और कोई कोर नहीं वे हज करे। नेकी को सँवार कर अदा करो और बुराई को बेज़ार हो कर तर्क करो। यक़ीनन याद रखो कि कोई कर्म ख़ुदा तक नहीं पहुंच सकता जो तक़्वा से ख़ाली है। हर एक नेकी की जड़ तक़्वा है। जिस कर्म में यह जड़ नष्ट नहीं होगी वे कर्म भी नष्ट नहीं होगा।''फ़रमाया ''....जब कभी तुम अपना नुक़्सान करोगे तो अपने हाथों से, ना दुश्मन के हाथों से। अगर तुम्हारी ज़मीनी इज़्ज़त सारी जाती रहे तो ख़ुदा तुम्हें एक अनश्वर इज़्ज़त आसमान पर देगा अत: तुम उस को मत छोड़ो ।''फ़रमाया ''...तुम ख़ुदा की आख़िरी जमाअत हो अत: वे कर्म नेक दिखलाओ जो अपने कमाल में इंतिहाई स्तर पर हो। हर एक जो तुम में सुस्त हो जाएगा वह एक गंदी चीज़ की तरह जमाअत से बाहर फेंक दिया जाएगा और हसरत से मरेगा और ख़ुदा का कुछ ना बिगाड़ सकेगा। देखो मैं बहुत ख़ुशी से ख़बर देता हूँ कि तुम्हारा ख़ुदा वास्तव में मौजूद है। यद्यिप सब उसी की मख़लूक़ है लेकिन वह उस शख़्स को चुन लेता है जो उस को चुनता है। वह उस के पास आ जाता है जो उस के पास जाता है। जो इस को इज़्ज़त देता है वह भी इस को इज़्ज़त है।''अर्थात इन्सान को

(किश्ती नूह, रुहानी ख़ज़ाइन भाग 19 पृष्ठ 15)

अल्लाह तआला हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इन दर्द भरे शब्दों को समझते हुए ईमान में बढ़ने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए, इबादतों का हक़ अदा करने की तौफ़ीक़ प्रादन फ़रमाए, ख़ुदा तआला से ज़िन्दा सम्बन्ध पैदा करने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए और हम इस मस्जिद को भी हमेशा आबाद रखने वाले हों

